कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

// प्रेस विज्ञप्ति //

कन्या महाविद्यालय में विश्व वन दिवस एवं विश्व जल दिवस का आयोजन

विगत दिनों महाविद्यालय के वनस्पतिशास्त्र विभाग एवं भूगोल विभाग द्वारा सम्मिलित रूप से विश्व वन दिवस का आयोजन किया गया। उक्त अवसर पर वनस्पतिशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. उषा चंदेल एवं भूगोल विभागाध्यक्ष डॉ. सुषमा यादव के निर्देशन में वनों पर आधारित ऑनलाईन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न विभागों की लगभ 85 (स्नातकोत्तर) छात्राओं ने भाग लिया।

इसी तरह महाविद्यालय के रसायनशास्त्र विभाग एवं एक्वा क्लब द्वारा विश्व जल दिवस का आयोजन किया गया। उक्त दिवस पर विभागाध्यक्ष डॉ. सुनीता गुप्ता के निर्देशन में जल संरक्षण विषय पर आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता में 26 छात्राओं ने भाग लिया।

महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. डी.सी. अग्रवाल ने पोस्टर प्रदर्शनी का अवलोकन कर छात्राओं के प्रयास की सराहना की एवं छात्राओं को पोस्टर प्रस्तुति के लिए प्रेरित किया। पोस्टर प्रतियोगिता में निर्णायक श्री योगेन्द्र त्रिपाठी एवं डॉ. मिलिन्द अमृतफले रहे ।

परिणाम इस प्रकार रहे- प्रथम कु. सत्यभामा साहू (एम.एससी. चतुर्थ सेम. रसायनशास्त्र) द्वितीय कु. पूजा साहू (एम.एससी. द्वितीय सेम. रसायनशास्त्र) तृतीय कु. चन्द्रमुखी (एम.एससी. चतुर्थ सेम. वनस्पतिशास्त्र) सांत्वना पुरस्कार कु. श्रुति आदित्य (एम.एससी. चतुर्थ सेम. प्राणीशास्त्रशास्त्र) को प्राप्त हुअ।

दोनों प्रतियोगिताओं की चुनी हुई छात्राओं को प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ0 डी.सी. अग्रवाल)
प्रभारी प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)